आदिवासी लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

मध्यप्रदेश
संस्कृति परिषद

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय,
श्यामला हिल्स, भोपाल–462 002
दूरभाष / टेली फेक्स : 0755–2661640, 2661948
Visit: www.culturemp.in, www.mptribalmuseum.com E-mail: mplokkala@rediffmail.com, mptribalmuseum13@gmail.com

पत्र क्रमांक 1690 आलोकबोविअ / 2018 भोपाल, दिनांक : 18/10/18

प्रिय श्री चंदेला जी,

मध्यप्रदेश की नदियों के सांस्कृतिक अध्ययन की योजना अकादमी द्वारा तैयार की गई है। उक्त अध्ययन में मध्यप्रदेश की नदियों के तट पर विकसित स्थानीय संस्कृति, वाचिक साहित्य और जीवन–शैली है। नदी के उद्भव की कथा, कहानी, गीत, उदगम एवं संगम स्थल तथा नदी की यात्रा के भौगोलिक आदि पक्षों का भी अध्ययन इसका महत्वपूर्ण पक्ष है।

नदी की यात्रा और उसकी महिमा के बहुविध पक्षों पर प्रस्तावित अध्ययन के आधार पर समकालीन चित्रों का सृजन कराया जाना है, जिनकी वृहद प्रदर्शनी के साथ ही आपके द्वारा अध्ययन किए गए सांस्कृतिक जनपद के तैयार विनिबंध को हिन्दी–अंग्रेजी माध्यम में सचित्र प्रकाशित भी किया जायेगा। आपके द्वारा दतिया जिले की नदियों के सांस्कृतिक अध्ययन का प्रस्ताव किया गया है। इस संबंध में विस्तृत चर्चा डॉ0 धर्मेंद्र पारे से आपकी हुई भी है। सिवनी और छिंदवाड़ा जिले की नदियों के अध्ययन, शोध एवं सर्वेक्षण के लिये वास्तविक किराया (देयक अनुसार), दैनिक भत्ता रूपये 300/– प्रति दिवस तथा यथोचित मानदेय का भुगतान अकादमी द्वारा किया जायेगा।

इस सम्पूर्ण अध्ययन एवं विनिबंध लेखन हेतु अपेक्षित आवश्यकताओं से सूचित करने का कष्ट करेंगे, जिससे उसकी सहमति प्रदान की जा सकें। यह भी निवेदन है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करेंगे, जिससे वृहद चित्र शिविर का भोपाल में आयोजन कर चित्रों का सृजन कराया जा सकें।

सादर

(अशोक मिश्र)
संग्रहाध्यक्ष

प्रति,
डॉ0 लक्ष्मीचंद चंदेला
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिंदवाड़ा (म0प्र0) 480001

Scanned with CamScanner

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय,
श्यामला हिल्स, भोपाल–462 002
दूरभाष / टेली फैक्स : 0755–2661640, 2661948

पत्र क्रमांक 1455 जलोकबोविअ / 2021–22 भोपाल, दिनांक : 29/10/2021

प्रति,

डॉ. टीकमणि पटवारी
सहयक प्राध्यापक–हिन्दी
गीता नगर, पंचशील कॉलोनी
छिंदवाड़ा–480001, मध्यप्रदेश।

विषयः– मध्यप्रदेश में निवासरत भारिया जनजातीय समुदाय के विविध सांस्कृतिक पक्षों पर आधारित शोध–सर्वेक्षण एवं पुस्तक लेखन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः–अकादमी का पत्र क्रमांक 922 दिनांक 23.09.2021।

कृपया विषयान्तर्गत आपके प्रस्ताव एवं सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करेंगी। अकादमी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा आपके प्रस्ताव के अवलोकन उपरान्त मध्यप्रदेश की भारिया समुदाय के विविध सांस्कृतिक पक्षों यथा– ज्ञान परम्परा, न्याय प्रणाली, अनुष्ठान, संस्कार, विश्वास, शिल्प व कला परम्परा, सामाजिक संगठन, पर्व–त्योहार, गोत्र और देवी–देवता आदि पक्षों पर शोध सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं विनिबंध लेखन कार्य के लिये छः माह की अवधि और समग्र मानदेय राशि रुपये 01.20 लाख प्रदान किये जाने की अनुशंसा की गई है, जिसमें समस्त व्यय शामिल होंगे।

कृपया अपनी सहमति से अकादमी को अवगत कराने का कष्ट करेंगी।

(डॉ. धर्मेन्द्र पारे)
निदेशक